भारत ने दो दिन में जीता टेस्ट मैच

अफगानिस्तान को पारी और 262 रनों से हराया

बेंगलुरू 15 जून (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट मुकाबले में पारी और 262 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने महज 2 दो दिनों के अंतर में जीत दर्ज की। इसी के साथ भारत ने पहली बार किसी टीम को 2 दिन में हराने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। अफगानिस्तान टीम को दूसरी पारी में महज 103 रनों पर ऑलआउट कर दिया। दूसरी पारी में जडेजा ने 4, यादव ने 3, अश्विन ने 1 और इशांत शर्मा ने 2 विकेट लिए। इससे पहले भारत ने उम्मीद के अनुरूप अफगानिस्तान की कमजोरियों का खुलासा करके शुक्रवार को यहां दूसरे दिन चाय के विश्राम तक 27.5 ओवर में 109 रन पर ढेर कर दिया जिससे इस एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के जल्दी समाप्त होने की संभावना बन गई है। भारत ने पहली पारी में 365 रन की बड़ी बढ़त हासिल की जिससे भारतीय कप्तान अंजिक्य रहाणे ने अफगानिस्तान को फालोआन के लिए बुलाने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई।

भारत ने पहली पारी में बनाए थे 474 रन- इससे पहले आलराउंडर हार्दिक पंड्या की सतर्कता और आक्रामकता के मिश्रण वाली 71 रन की पारी से भारत ने अपनी पहली पारी में 474 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। बल्लेबाजी अफगानिस्तान की सबसे बड़ी कमजोरी रही है तथा उसके अनुभवहीन बल्लेबाजों के पास इशांत शर्मा (28 रन देकर दो विकेट) और उमेश यादव (18 रन देकर एक विकेट) की स्विंग और सीम से सामंजस्य बिठाने के लिये न तो तकनीक थी और न ही धैर्य। अफगानिस्तान का प्रत्येक बल्लेबाज सीमित ओवरों के ढांचे में ढला हुआ लग रहा था तथा टेस्ट क्रिकेट के लिये जरूरी संयम नहीं दिखा। इसका परिणाम यह रहा कि उसकी पूरी पारी एक सत्र में सिमट गयी और केवल मोहम्मद नबी (24) ही 20 रन की संख्या पार कर पाये।

अश्विन ने झटके पहली पारी में 4 विकेट- शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के आउट होने के बाद रविचंद्रन अश्विन (27 रन देकर चार) और रविंद्र जडेजा (18 रन देकर दो) ने मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को समेटने में देर नहीं लगायी जिससे मुकाबला एकतरफा बन गया है। अफगानिस्तानी पारी के पतन की शुरुआत मोहम्मद शहजाद (14) के रन आउट होने से हुई। इसके बाद काउंटी से लौटे इशांत ने जावेद अहमदी का मिडिल स्टंप थर्राया। उमेश ने रहमत शाह को पगबाधा आउट करके टेस्ट मैचों में विकेटों का शतक पूरा किया। दिन की सबसे खूबसूरत गेंद इशांत ने विकेटकीपर बल्लेबाज अफसार जजाई (छह) को की। यह फुललेंथ गेंद जजाई का विकेट उखाड़ गयी। अश्विन ने इसके बाद विरोधी कप्तान असगर स्टेनिकजई (11) को अपनी आफ ब्रेक से चकमा दिया। इसके बाद भी विकेट गिरने का क्रम नहीं थमा। इससे पहले पंड्या के टेस्ट क्रिकेट में तीसरे अर्धशतक और उमेश के 21 गेंदों पर 26 रन के दम पर भारत ने पहले सत्र में 127 रन बटोरे। इस बीच अफगानिस्तान के कप्तान असगर स्टेनिकजई ने 104.5 ओवर तक नयी गेंद नहीं ली। पंड्या ने अपनी पारी में 91 गेंदों का सामना करके दस चौके लगाये। उनकी पारी की विशेषता यह रही कि उन्होंने शाट जमाने के लिये ढीली गेंदों का इंतजार किया तथा इस बीच अपनी रक्षात्मक तकनीकी का भी अच्छा नमूना पेश किया। अश्विन ने तेज गेंदबाज यामिन अहमदजई (51 रन देकर तीन विकेट) की बाहर जाती गेंद को छेड़कर विकेट के पीछे कैच दिया।

ग्रांड चैस टूर रैपिड टूर्नामेंट में आनंद की खराब शुरुआत

लेवेन ,बेल्जियम 15 जून (ए)। ग्रांड चैस टूर रैपिड टूर्नामेंट का पहले दिन भारत के ग्रांड मास्टर विश्वनाथन आनंद के लिए मुश्किल भरा साबित हुआ और विश्व रैपिड चैम्पियन आनंद को अप्रत्याशित तौर पर दो हार का सामना करना पड़ा । पहले राउंड में उन्हें सिसिलियन ओपनिंग में बेहद रोमांचक मैच में 51 चालों में अजरबैजान के ममेद्यारोव के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा तो दूसरे राउंड में उन्हें नीदरलैंड के युवा ग्रांड मास्टर अनीश गिरि से

राय लोपेज ओपनिंग में 41 चालों में हार का सामना करना पड़ा । तीसरे मैच में उन्होंने अपने हार के क्रम को रोकते हुए अर्मेनिया के लेवान अरोनियन से ड्रॉ खेला । विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन की गैर मौजूदगी में मुकाबला और रोमांचक बन पड़ा है क्योंकि कोई भी खिताब जीत सकता है। पहले तीन राउंड के बाद अमेरिका के वेसली सो 2.5 अंक लेकर पहले, रूस के सेरगी कार्याकिन और अर्मेनिया के लेवान अरोनियन 2 अंक के साथ सयुंक्त दूसरे, अमेरिका के हिकारु नाकामुरा, फ्रांस के मेक्सिम लाग्रेव और रूस के अलक्जेंडर ग्रीशचुक, नीदरलैंड के युवा ग्रांड मास्टर अनीश गिरि और अजरबैजान के ममेद्यारोव 1.5 अंक के साथ सयुंक्त तीसरे स्थान पर हैं। वहीं आनंद और अमेरिका के करूआना 1 अंक के साथ अंतिम पायदान पर हैं।

वॉर्नर की धमाकेदार वापसी ठोक डाले 18 दनदनाते छक्के

नई दिल्ली 15 जून (ए)। बॉल टेंपरिंग में आरोपी पाए जाने के बाद एक साल का बैन झेल रहे ऑस्ट्रेलियाई धुरंधर डेविड वॉर्नर ने करीब 3 महीने बाद घरेलू मैदान पर धमाकेदार वापसी की। गुरुवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर ओवल मैदान पर एक प्रैक्टिस मैच खेला गया, जिसमें वॉर्नर ने शतकीय पारी खेली। वॉर्नर ने मैच के दौरान चौकों छक्कों की बारिश की। इसकी जानकारी एक दर्शक ने दी। लम्बे समय के बाद मैदान पर नजर आए डेविड वार्नर की पारी के बारे में एक दर्शक ने बताया है। उसके मुताबिक डेविड वार्नर ने लगभग 130 रनों की पारी खेली। पूरे सेशन के दौरान वार्नर ने कई गेंदों को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। दर्शक के अनुसार, गेंदबाजों का वार्नर के सामने गेंदबाजी करना आसान नहीं हो रहा था।

बिना परवाह किए लगा रहे थे छक्के- दर्शक ने कहा मुझे लगता उन्होंने 18 छक्के लगाए हैं, जिसमें करीब 12 छक्के तो स्टेडियम के बाहर गए। ऐसा लग रहा था उन्होंने टेम्परिंग मामले को पीछे छोड़ दिया है और अब आगे बढ़ गए हैं। वह बिना कोई परवाह किए मैदान पर खेल रहे थे।। वह कई अलग-अलग शॉट लगा रहे थे, जिसमें उनका पसंदीदा शॉट रिवर्स स्वीप भी शामिल था। मैच के बाद की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें वह विरोधी टीम के खिलाड़ियों के साथ मुस्कुराते दिखाई दे रहे हैं। साथ ही कुछ खिलाड़ियों के साथ बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं। गौतलब हो कि साउथ अफ्रीका में बॉल टेम्परिंग मामले में दोषी पाए जाए के बाद डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा 12 महीने का बैन लगाया गया है, जबकि वहीं कमरून बैनक्रॉफ्ट पर नौ महीने का बैन लगा। टेम्परिंग में सबसे बड़ी भूमिका डेविड वार्नर की ही बताई गई है। ऑस्ट्रेलिया बोर्ड ने फैसला लिया कि उन्हें कभी टीम की कमान नहीं सौंपी जाएगी। जब बॉल टेम्परिंग विवाद हुआ था उस समय डेविड वार्नर उपकप्तान थे, जबकि स्मिथ कप्तान थे।

अफगानी खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में मनाई ईद, गले मिलकर दी बधाई

नई दिल्ली 15 जून (ए)।थअफगानिस्तान और भारत के बीच बेंगलुरु के एम चेन्नास्वामी स्टेडियम में ऐतिहासिक टेस्ट चल रहा है। इसी वजह से अफगानी खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में ही ईद का त्यौहार मनाया। सुबह अफगानिस्तान के सभी खिलाड़ी पारंपरिक वेशभूषा में इकट्ठे हुए और एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी।अफगानिस्तान के कप्तान असगर स्टैनिकजाई, दिग्गज गेंदबाज राशिद खान और बल्लेबाज मोहम्मद शहजाद एक दूसरे को ईद की बधाई देते नजर आए। बीसीसीआई ने इसको लेकर ट्वीट भी किया। ट्वीट में बीसीसीआई ने लिखा, दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले मैदान पर ईद का त्यौहार मनाया गया। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी एक ट्वीट किया जिसमें सभी खिलाड़ी और अधिकारी स्टेडियम रवाना होने से पहले ईद मनाते हुए नजर आ रहे हैं। ट्वीट में कहा गया, अफगानिस्तान टीम के खिलाड़ियों और बोर्ड के अधिकारियों ने स्टेडियम रवाना होने से पहले एक साथ मिलकर ईद का त्यौहार मनाया।

फीमेल फैंस ने बढ़ाया रशिया और सऊदी अरब के मैच में ग्लैमर

मास्को 15 जून (ए)। फुटबॉल विश्व कप 2018 की शुरुआत रशिया में हो चुकी है। पहले दिन ओपनिंग सैरेमनी के बाद मेजबान रशिया और सऊदी अरब के बीच लुज्रिकी स्टेडियम में मैच खेला गया। मैच दौरान मेजबानों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 5-0 से शानदार जीत हासिल की। रशिया के चैरीशेव ने अपनी शानदार फुटबॉल स्किल दिखाते हुए दो गोल किए। मैच दौरान कई फीमेल फैंस ने भी कैमरामैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा। स्टेडियम में ओपनिंग मैच देखने के लिए दुनिया भर से लोग आए हुए थे। ऐसे में ग्लैमर का तड़का भी खूब लगा। कई ऐसे चेहरे थे जो स्टेडियम में लगी बड़ी स्क्रीन पर छाए रहे। इसमें से कइयों ने अपने आकर्षण से लोगों का ध्यान खींचा तो कइयों की मासूमियत ने।



फीफा वर्ल्ड कपः सही साबित हुई बिल्ली की भविष्यवाणी, रूस को दिलाई जीत

नई दिल्ली 15 जून (ए)। फीफा वर्ल्ड कप 2018 का पहला मैच रूस और सऊदी अरब के बीच लुझिनिकी स्टेडियम में खेला गया, जिसमें रूस ने अरब को 5-0 से हराकर टूर्नामेंट की शुरूआत की। बता दें कि जिस तरह पिछले साल हुए वर्ल्ड कप में एक ऑक्टोपस ने भविष्यवाणी की थी, ठीक वैसे ही अब इस टूर्नामेंट में भी एचिलेस नाम की एक बिल्ली भी भविष्यवाणी कर रही है।

बिल्ली की भविष्यवाणी बिल्कुल सही- रूस और अरब के बीच हुए मुकाबले से पहले बिल्ली ने जो भविष्यवाणी की थी वो बिल्कुल सही निकली है। ओल्ड इम्पेरियल सारिस्ट कैपिटल के प्रेस सेंटर में दो कटोरियां रखी गई थीं। जिस दौरान बिल्ली को एक कटोरी को चुनना था। बिल्ली ने एक कटोरी चुनी जिसमें से रूस की पर्ची थी। जिसके बाद बिल्ली को टीम की जर्सी पहनाई गई। बिल्ली की मालकिन एना कासाटकिना ने कहा, एचिलेस को लोगों के बीच में रहने का शौक है और वो घबराती नहीं है। सउदी अरब की टीम 12 साल में पहली बार विश्व कप खेल रही है। उसने आखिरी बार विश्व कप में 1994 में जीत दर्ज की थी।

अब तक सिर्फ दक्षिण अफ्रीका 2010 में बतौर मेजबान ग्रुप चरण से आगे नहीं जा सका है। टूर्नामेंट से पहले लगातार सात मैचों में जीत से वंचित रही रूस पर इस जीत के लिए काफी दबाव था।

रातों रात दुनियाभर में छा गए रूसी खिलाड़ी, राष्ट्रपति ने फोन करके दी बधाई

मास्को 15 जून(ए)। रूस की विश्व कप के उदघाटन मैच में सऊदी अरब पर 5-0 से बड़ी जीत से उसके खिलाड़ी रातों रात दुनियाभर में छा गए और टीम की क्षमता पर सवाल खड़े करने वालों के भी मुंह बंद हो गये। विश्व कप के मेजबान ने लुजनिकी स्टेडियम में अपने प्रतिद्वंद्वी पर किसी तरह का रहम नहीं दिखाया और 80 हजार दर्शकों को खुशी मनाने का पूरा मौका दिया। रूसी टीम की यह इस साल पहली जीत है जिसने उसके खिलाड़ियों को भी नायक बना दिया। राष्टपति व्लादीमीर पुतिन से लेकर सीनेटर और स्थानीय नेताओं ने सोवियत संघ के टूटने के बाद रूस की विश्व कप में सबसे बड़ी जीत के लिये कोच स्टेनिसलाव चेरेचेसोव और टीम को बधाई दी। रूसी कोच ने कहा, ''राष्टपति ने मुझे फोन करके बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम जिस तरह से खेल रहे हैं वैसा खेल आगे भी जारी रखें।''